हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 20 मार्च 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 नगर में धूमधाम से रंगपंचमी पर हुरियारों ने...

08 रंग-पंचमी पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल हास्य-व्यंग्य...


## खबर संक्षेप

### स्कूलीय नवीन शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में स्कूलीय शैक्षिकण सत्र अप्रैल माह से शुरू होने के पहले निर्देश दिए हैं कि 6वीं और 9वीं में नवप्रवेशी एक बच्चा दाखिला से वंचित न रहे। इसके लिए जिले की आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज रहे ऐसे बच्चे जो अब 6 वर्ष के हो रहे हैं या हो चुके हैं। उन सब का नजदीक के शासकीय प्राथमिक स्कूल में दाखिला हो इस के लिए हरेक आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विदिशा शहरी परियोजना अधिकारी श्री संजय सिंह ने बताया की शहरी क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर रोज अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता संबंधी कार्यों को पूरा कराया जा रहा है।

### फार्मर रजिस्ट्री कार्यों में गति बढ़ाने के निर्देश

**विदिशा।** संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने जिले के सभी तहसीलदारों से संवाद कर उन्हें फार्मर रजिस्ट्री कार्यों में गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी ने कहा है कि सभी तहसीलदार फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की गति बढ़ाएं। वर्तमान में गिरदावरी भी संपन्न हो चुकी है । लोकल यूथ और पटवारी के पास कोई विशेष कार्य नहीं है। इस संबंध में आपको बार-बार अवगत कराया गया निर्देशित किया गया कि कैंप लगा करके फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति बढ़ाएं किंतु फिर भी जिले की अपेक्षित प्रगति नहीं आ पा रही है।

### कलेक्टर की पहल पर दो दिन में मिली बीमा राशि

**विदिशा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अनेक आवेदक सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। शहर के किले अंदर निवासी जसवंत सिंह यादव प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की राशि नहीं मिलने से परेशान थे। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने प्रकरण की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए लीड बैंक आफीसर को तलब कर एक दिन में संपूर्ण कार्यवाही करा कर राशि भुगतान की जाए। कलेक्टर की पहल पर आवेदक को बीमा की राशि दो लाख रुपए दो दिन में मिल गई।

## रंगपंचमी पर लाखों श्रद्धालुओं ने करीला धाम पहुंचकर किए माता जानकी के दर्शन

# रंगपंचमी पर गुप्तेश्वर मंदिर से निकला जुलूस, सुरक्षा में तैनात रहे 100 जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पांच दिवसीय रंगों के उत्सव का समापन रंगपंचमी के साथ हुआ। शहर में सुबह से ही रंगों का उल्लास छाया रहा। बच्चों और बड़ों की टोलियां सड़कों पर निकलीं और रंग-गुलाल से होली खेली। कायस्थ पुरा स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से रंगपंचमी का जुलूस निकला।

जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। इसमें बड़ी संख्या में हुरियारे शामिल हुए। ट्रैक्टर-ट्राली पर टंकियों में रंग भरकर रखा गया था। युवाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चे सुबह से ही पिचकारियों में रंग भरकर निकले और जमकर होली खेली। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए। सीएसपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए। चार्ली और मोबाइल टीम भी सक्रिय रही। नशा करके वाहन चलाने वालों और हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिए गए थे। वहीं बुधवार को ही बड़ी संख्या में लोग माता जानकी के दरवार करीला के लिए रवाना हुए। करीला धाम जाने बाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। ढ़ोलखेड़ी चौराहे पर जनसहयोग एवं धर्मश्री और ग्रामीणों द्वारा प्रसादी वितरण कार्यक्रम भंडारा आयोजित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं भक्तगणों को प्रसाद रूपी भोजन के वितरण का शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, बल्लू महाराज, नारायण सिंह कुशवाह जसराज दांगी, ठाकुर प्रसाद लोधी, राजेश वैष्णव, राजेंद्र सिंह राजपूत, हरिसिंह चौहान, प्रेमनारायण, सुरेन्द्र सेन सहित लोगों ने पहुंचकर किया एवं प्रसादी वितरण में सहयोग किया।


विदिशा। करीला जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ढोलखेड़ी चौराहे पर भोजन वितरित करते हुए जनप्रतिनिधि।

### लाखों की संख्या में करीला पहुंचे श्रद्धालु

रंगपंचमी पर शहर ही नहीं कई जिलों से श्रद्धालु विदिशा होते हुए करीला धाम पहुंचते हैं। इनकी संख्या लाखों में होती है। बुधवार को दिनभर वाहनों के माध्यम से श्रद्धालु करीला के लिए रवाना होते रहे। श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह भोजन और पानी की व्यवस्था की जाती है। यह श्रद्धालु रातभर करीला धाम पर ही रुकते हैं। मंदिर में रातभर भजन कीर्तन और राई होती है। मन्नत पूरी होने के बाद श्रद्धालु यहां नृत्यांगनाओं से राई नृत्य कराते हैं।

## युवती को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय मस्जिद के पास से हुआ पथराव, उमरछा गांव में बल तैनात किया

# 8 घरों में तोड़फोड़, 4 फूंके एक कार और बाइक जलाई


गुस्साए लोगों ने कार व बाइक जलाई।

### पथराव के बाद तनाव

मस्जिद के पास से मुस्लिम लोगों द्वारा पथराव करने के बाद तनाव की स्थिति बन गई। गुस्साए लोगों ने 8 घरों में तोड़फोड़ कर दी। चार घरों में आग लगा दी। एक कार और बाइक भी फूंक दी। बढ़ते तनाव को देखते हुए गांव में 70 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

### उमरछा गांव में 70 जवान तैनात, डीआईजी सहित एसपी मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई के उमरछा गांव में एक युवती के फांसी लगा लेने के बाद बवाल हो गया। पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा युवती की हत्या का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन बुधवार को युवती के साथ बलात्कार किए जाने की चर्चा फैल गई। आसपास के गांव के लोग भी एकत्रित होने लगे।

आरोपी पर हत्या एवं बलात्कार का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर ग्रामीण युवती के शव को ट्रैक्टर ट्राली में रखकर एसपी के पास जाने लगे तब प्रशासन ने बासौदा बंजारी माता मंदिर के पास परिजनों को रोक लिया। ग्रामीण एवं परिजनों को समझा बुझाकर वापस गांव भेज दिया। गांव पहुंचकर परिजन जब अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे तभी आरोपी मुबारक खान के परिजन एवं अन्य मुस्लिम लोगों ने पथराव कर दिया। जिससे अचानक गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रशासन कुछ समझ पाता इससे पहले भीड़ ने बेकाबू होकर आरोपी के घर के बाहर तोड़फोड़ कर दी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की मांग करते हुए स्थिति को नियंत्रण किया। स्थिति को देखते हुए डीआईजी ओम प्रकाश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे।

# 9991 स्व-सहायता समूहों का गठन हुआ इनमें 1 लाख 39 हजार परिवार शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में 9 हजार 991 समूहों का गठन किया जा चुका है। इन समूहों में एक लाख 39 हजार 6 परिवार सम्मिलित हैं। वहीं 1076 ग्राम संगठन, जबकि संकुल स्तरीय संगठन की संख्या 37 है।

अब तक 7130 समूहों को चक्रीय राशि 9 करोड़ 26 लाख जारी की जा चुकी है। जबकि 3759 समूहों को सामुदायिक निवेश राशि 37.59 करोड़ जारी की गई है। गत वित्तीय वर्ष में लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धियां हासिल की गई है। जिसमें 3040 समूहों को 71.70 करोड़ की राशि की जगह 2847 समूहों को 72.66 करोड़ की राशि जारी की गई है जो लक्ष्य से अधिक है। विदिशा जिले के प्रत्येक स्व सहायता समूह की हरेक दीदी लखपति बने इसके लिए निर्धारित मापदंडों का अनुपालन कर लखपति दीदी के क्लब में शामिल हो रही है। वैसे विदिशा जिले में अब तक लखपति दीदीयों की संख्या 38 हजार 965 हो चुकी है।

### विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन

आजीविका मिशन के तहत गठित स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के व्यवसायों का संचालन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए साख में वृद्धि कर रही है। जिले में मुख्यतः 17 गतिविधीय व्यवस्थाएं से 3356 समूहों के 19839 सदस्य जुड़े हैं। नवाचार जिनका समूहों के द्वारा किया जा रहा है उन में किराना दुकान, मनिहारी दुकान ,जनरल स्टोर ,आटा चक्की, सिलाई कार्य, शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन,ईट निर्माण इलेक्ट्रिकल दुकान, चाय दुकान, साइकिल रिपेयरिंग, डीजे, वेल्डिंग दुकान, फोटोकॉपी ,दोना पत्तल मोबाइल रिपेयरिंग, फूल माला विक्रय दुकान के साथ-साथ अन्य गतिविधियां शामिल है।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पुनः खोला गया

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु एमपी टास पोर्टल एक बार पुनः खोला गया है। समय सीमा में संपर्क कर छात्र आवेदन कर सकते हैं। छात्रों के वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाइन नहीं किए जा सके थे वे छात्र और छात्राएं एमपी टॉस पोर्टल पर आवेदन कर सके।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 21 को कुरवाई में लगेगा

**विदिशा।** जिला स्तरीय रोजगार,स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन शुक्रवार 21 मार्च को कुरवाई के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 11 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद चयनित युवक युवतियों को ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

# विमान में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले बांके बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर नगर में प्राचीन समय से ही ऐसी अनोखी परंपरा चली आ रही है की श्री बांके बिहारी जी विमान में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए एवं रंग गुलाल की होली खेलने के लिए निकलते हैं।

बांके बिहारी मंदिर से निकल कर मुख्य मार्गो से होते हुए दुर्गा चौक पर भगवान विश्राम करते हैं । इसके बाद ग्यारसपुर के बस स्टैंड पर पहुंच कर नगर के सभी श्रद्धालु भगवान को प्रसाद एवं भोग अर्पण कर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। रेंज में भी भागवान पहुंचते हैं,बस स्टैंड पर जमकर रंग बरसता है। बस स्टैंड पर बड़े ही प्रेम के साथ होरियारे एक दूसरे को रंग लगाते हैं, और जमकर होली खेलते हैं। बांके बिहारी राधा रानी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। मंदिर के पुजारी आनंद स्वरूप महाराज ने बताया कि गांव के श्रद्धालु भक्त अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुसार भगवान को अपने घर ले जाकर रात्रि विश्राम कराते हैं। यह सिलसिला एक हफ्ते तक निरंतर चलता रहता है। इसके पश्चात भगवान अपने धाम की ओर लौट जाते हैं। रंग पंचमी के अवसर पर विमान निकाले जाते हैं । हिंदू उत्सव समिति ग्यारसपुर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



# संजय प्रजापति महामाई मंदिर समिति अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मोहनगिरी स्थित महामाई मंदिर के पूर्व सचिव संजय प्रजापति को नई समिति के गठन के दौरान महामाई मंदिर समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके पूर्व के कार्यकाल के दौरान मंदिर में हुए कायाकल्प और विकास कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के दौरान समाज के युवाओं ने उनका जमकर स्वागत किया। वहीं राजकुमार प्रजापति सचिव नियुक्त हुए।

बुधवार को प्रजापति समाज का होली मिलन समारोह के दौरान बाल कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बनने पर रामबाबू प्रजापति का सम्मान किया गया।

प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष डॉ यूएस चक्रवर्ती ने बताया कि इसी दौरान प्रजापति समाज की नगर की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें केसी चक्रवर्ती को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजन और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# सब जूनियर राज्य स्तरीय बालक - बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों वर्ग में विदिशा कबड्डी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बदनावर जिला धार में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में विदिशा बालक टीम का पहले मैच मऊगंज से हुआ। जिसमें 35/17 से तथा दूसरा मैच होशंगाबाद से जिसमें मैच 48/24 से विदिशा टीम पूल की विजेता रही। विदिशा का क्वार्टर फाइनल धार से हुआ । जिसमें दोनों टीमें बराबर पर रहीं। सेमीफाइनल उज्जैन कॉरपोरेशन से हुआ7 जिसमें विदिशा टीम ने 5 अंक से विजय प्राप्त की। फाइनल मुकाबला विदिशा ओर बालाघाट के मध्य खेला गया। 9 अंक से बालाघाट ने जीत दर्ज की ।

बालिका वर्ग में पहला मैच धार से हुआ। दूसरा मैच देवास से हुआ। तीसरा मैच इंदौर से हुआ। वहीं सेमीफाइनल मैच देवास से और फाइनल मैच जबलपुर से हुआ। जिसमें जबलपुर पांच अंकों से विजय रही। विदिशा बालिका कबड्डी टीम कप्तान शेफाली यादव, दिशा कलावत, साक्षी लोधी, जागृति राजपूत, कल्पना कुशवाह, नैना प्रजापति ,छाया कुशवाह, ऐश्वर्या ठाकुर ,आस्था जैन, दिशा वंशकार तथा विदिशा बालक वर्ग में कप्तान सौरभ वंशकार ,निखिल सेन, रवि कुशवाहा, प्रियांश लोधी, देव कुशवाह, आयुष कुशवाह ,राज धाकड़ , सुमित तोमर, पंकज शर्मा, मानव कुशवाह, मोहित कुशवाह खिलाड़ी रहे। बदनावर में विदिशा जिला कबड्डी कोच ज्योति ठाकुर, कोच अर्चना किरार, कोच मयूर भार्गव, उपस्थित रहे।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अप्रैल 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### ट्रेनों में देखी जा रही भीड़

**गंजबासौदा।** इन दिनों होली के त्यौहार के चलते स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुबह से लेकर रात्रि तक भीड़ देखी जा रही है। ट्रेनों में रेल यात्रियों को भारी भीड़ के चलते खड़े होकर यात्रा करने मजबूर होना पड़ रहा है। कुछ इसी तरह के हाल बसों में भी नजर आ रहे हैं। गर्मी के मौसम में त्यौहारों के चलते ट्रेनों में पड़ रही भारी भीड़ के कारण सर्वाधिक परेशानी बुजुर्गों एवं बच्चों को उठानी पड रही है।

### महिलाओं का होली मिलन समारोह आज

**गंजबासौदा।** क्षेत्र की लाडली बहनाओं एवं महिलाओं के लिए नगर पालिका में गुरुवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें नगर की लाडली बहनाएं, महिला मोर्चा कार्यकर्ताएं, महिला जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगीं और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं देंगीं।

### विवाद पर एयर गन से पिता को मारी गोली

**गंजबासौदा।** मंगलवार को रात्रि के समय लाल पठार क्षेत्र में जमीन व पैसे के विवाद पर एक पुत्र ने अपने पिता पर एयर गन से गोली चला दी। जिसमें पिता घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि घटना के समय जमीन एवं पैसे के लेनदेन पर लालपठार निवासी 27 वर्षीय रामराज दांगी और उसके पिता छतर सिंह दांगी उम्र 62 वर्ष के बीच बहस हो गई। यह बहस कुछ ही देर में विवाद में बदल गई और विवाद इतना बढ़ा कि रामराज अंदर से एयर गन ले आया और अपने ही पिता पर गोली चला दी। गन में भरा लोहे का छर्रा पिता के सीने में लग गया, जिससे खून निकल आया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को कोतवाली ले आई। उससे पूछताछ जारी है।

ग्राम उमरछा में घटित हुई घटना के बाद बीच में ही समाप्त हुआ नपा का जुलूस

# समूचे अंचल में सादगी व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया रंगपंचमी का पर्व









हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंग पंचमी पर रंगों का जुलूस निकाला गया। जुलूस बुधवार को सुबह 9 बजे गांधी चौक से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकल रहा था। तभी समीपस्थ ग्राम उमरछा में एक युवती द्वारा आत्महत्या कर लेने की जानकारी मिलने के बाद मुस्लिम समाज के युवक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद सहित सर्व समाज के लोगों ने जय स्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद नपा के जुलूस का बीच में समापन कर दिया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में धुलेंडी से अधिक उत्साह और उमंग रंग पंचमी पर रहता है। इसी को लेकर नपा द्वारा परंपरानुसार रंगों का जुलूस निकाला जाता रहा है। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नई परिषद का गठन होने के बाद से यह जुलूस भी पूरी भव्यता और उत्साह के साथ निकाला जाने लगा है। जुलूस में सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों के अलावा नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक मुस्लिम समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष भी रंग पंचमी का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जुलूस के शुभारंभ से पूर्व धर्म गुरुओं महेश्वरदास, पं. केशव गुरु शास्त्री सहित अन्य गुरुओं द्वारा भगवान की विधिवत पूजन अर्चन की गई। इसके बाद डीजे, ढोल, रंग गुलाल के साथ यह जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, सुरेन्द्र सिंह दांगी सहित मुस्लिम समाज के काजी बारी भाई, समीर किरमानी सहित समस्त पार्षदगण, प्रमुख जनप्रतिनिधि, एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिन्होंने सभी को रंग गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी।

इस जुलूस को शुरू हुए कुछ ही समय हुआ था और जुलूस कुछ दूर ही पहुंचा तभी ग्राम उमरछा में एक मुस्लिम युवक के कारण एक युवती की आत्महत्या का मामला सामने आने पर जुलूस में शामिल सभी लोग जयस्तंभ चौक पहुंच गए। उधर उमरछा से भी पीडित परिवार के साथ बडी संख्या में ग्रामीण नगर की ओर आ रहे थे। जिन्हें पुलिस प्रशासन ने नई मंडी के पास रोक लिया और उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर वापस रवाना कराया गया। इधर जयस्तंभ चौक पर धरना दे रहे लोगों को भी एसडीएम विजय राय एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा ने कुरवाई प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया। जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ। साथ ही जुलूस का भी समापन कर दिया गया।

दूसरी ओर रंगपंचमी के पर्व का सर्वाधिक उत्साह बच्चों में देखा गया। अधिकांश बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं संपन्न हो जाने से इस वर्ष बच्चों ने होली का त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया और वे सुबह से ही अपने रंग और पिचकारी लेकर अपने दोस्तों के साथ होली खेलने निकल पडे। उधर महिलाओं ने भी दोपहर बाद अपने काम से निपटकर जमकर होली खेली। रंग पंचमी का उत्साह दिन भर चलता रहा।

## यादव समाज का होली मिलन समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यादव समाज का होली मिलन समारोह मंगलवार को शाम के समय यादव समाज धर्मशाला त्योंदा रोड पुराना बस स्टेण्ड पर आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में धर्मशाला की बाउंड्री वॉल का हिसाब किताब एवं लेखा-जोखा किया गया। जिसमें नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, रमेश यादव, गजेन्द्र सिंह यादव, संजू यादव, संजय यादव, मुंशीलाल यादव, गंगा यादव, शुभम यादव, देवी सिंह यादव, सुनील यादव, अमृतांशु यादव, शैलेन्द्र यादव, नरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पचमा बायपास मार्ग पर लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को पचमा बायपास मार्ग पर दोपहर एवं शाम के समय भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जाम में फंसे वाहन चालक देर तक जाम हटने के इंतजार में परेशान होते रहे। ज्ञात हो कि रंग पंचमी त्यौहार के चलते दो पहिया, चार पहिया वाहनों की प्रतिदिन की अपेक्षा ज्यादा आवाजाही देखी गई। नगर सहित बाहर के क्षेत्रों से लोग त्यौहार मानने एवं करीला धाम में माता जानकी के दर्शन करने जा रहे थे। जिसके कारण नगर में भारी भीड़ देखी गई।

## अनाज और तिलहन व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**गंजबासौदा।** बुधवार को अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ का होली मिलन समारोह हितकारिणी धर्मशाला में आयोजित किया गया। दोपहर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की पूजन अर्चन कर और उन्हें रंग गुलाल अर्पित कर किया गया। इसके बाद सभी व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। जिसके बाद सहभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि नितिन यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रघुवंशी गुड्डा, संघ प्रचारक राकेश जी, यशवंत दुबे, जितेन्द्र मैना, नीलेश अग्रवाल सहित व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, सतीश अग्रवाल एचपी, जयेश शाह, अमित अग्रवाल, सुखजीत सिंह काके, अरूण अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## गोशाला में जिनबिंबों का हुआ मस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बरीघाट रोड़ स्थित दयोदय गौशाला मे रंगपंचमी के अवसर पर आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनि विमलसागर महाराज, मुनि अनंत सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में दयोदय गौशाला में स्थित मानस्तंभ में विराजित जिनबिंबो का महा मस्तकभिषेक पूजन एवं दानदाताओं का सम्मान एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित अपनी दिव्य देशना में मुनि विमल सागर महाराज ने कहा कि जीवन के सारे दानपुण्य एक तरफ और किसी एक निराश्रित गौमाता को जीवन दान दे दो उसकी रक्षा कर लो उसका अंतिम समय अच्छे से व्यतीत हो जाए वो कत्लखाने जाने से बच सकें तो समझ लेना कि यही तुम्हारे जीवन का सत्य और सच्चा दान है। वही मुनि अनंत सागर महाराज ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति में विश्व एक व्यापार है लेकिन भारतीय संस्कृति में विश्व एक परिवार है इस अवसर पर आयोजित दान दाताओं के सम्मान कार्यक्रम में दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमी ने दयोदय गौशाला की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस गौशाला के द्वारा नित नए नवाचार की गतिविधियां मन को हर्षित कर रही है। इस अवसर पर राजेश तिवारी ने गौशाला समिति द्वारा निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। वहीं दयोदय गौशाला के अध्यक्ष आनंद मोदी ने गौशाला संबंधी जानकारी और गौसेवा के लिए चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया और अंत में गौशाला के संरक्षक डॉ. एके जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय के ब्लाक अधिकारी डॉ. प्रणव सिंह, डॉ. उपाध्याय, डॉ. देवांशु राजपूत तथा गौशाला के लिए अपने खेतों की नरवाई उपलब्ध कराने वाले कृषक मित्र एवं सहयोग करने वाले दान दाताओं का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## मैथिल समाज का होली मिलन सामारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के वार्ड नंबर तीन स्थित मैथिल समाज धर्मशाला पर होली मिलन समारोह समाज बंधुओ द्वारा आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष राजेश्वर झा ने बताया है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन समारोह बड़ी हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। प्रतिदिन मोटरसाइकिल से दुर्घटना हो रही है, इसके लिए युवाओं को समझाइस दी गई कि वाहन धीरे चलाएं, हेलमेट लगाऐं, सुरक्षित यात्रा करें।

बेतवा नदी के राजघाट पर किया जा रहा था रेत का अवैध उत्खनन, महकमे की दबिश

# राजस्व अमले ने नदी से बरामद कर ली पनडुब्बी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिजों का अवैध उत्खनन व परिवहन ना हो पर विशेष नजर रखने के दायित्वों का निर्वाहन राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत एसडीएम विजय राय, तहसीलदार सहित अन्य स्टाफ के द्वारा अवैध खनन करने के उपयोग में लाई जा रही पनडुब्बी को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। एसडीएम विजय राय ने बताया कि ग्राम राजखेड़ा में अवैध खनन पर कार्रवाई की गई। जिसके अंतर्गत पनडुबी को जब्त कर उसे तहसील कार्यालय में सुरक्षित रखवाने का कार्य किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में तहसीलदार संदीप जायसवाल एवं अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल सहित राजस्व अमला मौजूद था। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों प्रशासन के रोक के बावजूद भी अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा पनडुब्बी की मदद से बेतवा नदी के अनेक घाटों पर रेत का अवैध रुप से उत्खनन किया जा रहा है। जिससे बेतवा नदी के घाटों पर कटाव तो ही रहा है साथ ही जल में रहने वाले जीवजंतुओं की भी आकस्मिक मौत हो रहीं हैं। पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एवं शासन को हो रही राजस्व की हानि को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन द्वारा नदियों में पनडुब्बियों की मदद से उत्खनन करने पर रोक लगा दी गई है। लेकिन कम समय में अधिक मात्रा में रेत निकालने के चलते अवैध उत्खनन कर्ताओं द्वारा पर्यावरण को ताक पर रखकर पनडुब्बियों की मदद से बड़ी मात्रा में रेत का उत्खनन कार्य किया जा रहा है। जिससे घाटों पर मिट्टी का कटाव हो रहा है साथ ही पनडुब्बियों के उपयोग के दौरान डीजल, आइल का नदी में रिसाव होने से जल प्रदूषित तो हो ही रहा है साथ ही जलीय जीवजंतुओं की भी मृत्यु भी हो रही है। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में अवैध उत्खननकर्ता पर्यावरण प्रदूषण की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और लगातार नदियों से अवैध रुप से रेत निकालकर उन्हे खोखला कर रहे हैं।


## वेदांत आश्रम में होली महोत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में बुधवार को जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज की प्रेरणा से महंत स्वामी हरिहर दास महाराज के सानिध्य में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों की धुन पर भक्तों ने नृत्य करते हुए फूलों की होली भगवान राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ खेली। महंत हरिहर दास ने सभी भक्तों को रंग गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पावन पर्व हमे ऊंच नीच की भावना को भूल कर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश पूरे विश्व को देता है। होली महोत्सव में वेदांत आश्रम ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों सहित विद्यालय के प्राचार्य और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रंगपंचमी के अवसर पर वेदांत आश्रम में आयोजित होली महोत्सव समारोह देर तक चलता रहा है। इस दौरा उपस्थित महिला, पुरुषों ने भगवान के भजनों पर नृत्य करते हुए एक दूसरे को बधाई दी।





## गृहमंत्री शाह से सासंद जैन ने की मुलाकात

**सिरोंज।** साइबर क्राइम रोकथाम के लिए सार्थक कदम उठाने की मांग करते हुए भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को कॉलर रिंग टोन के माध्यम से देश की जनता को जागरूक करने के अभियान के लिए राज्यसभा सासंद नवीन जैन ने गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात कर धन्यवाद दिया। इस मौके पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश भर में हो रहे साइबर अपराध के रोकथाम के लिए भारत सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इस अवसर पर सासंद नवीन जैन ने गृहमंत्री अमित शाह से देवा धी देव भगवान ऋषभदेव के जन्म महोत्सव के अवसर पर पूरे भारत में शासकीय अवकाश घोषित करने व शासकीय अशासकीय स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### भाजपा नेता ने तिलक व गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं

# नगर में धूमधाम से रंगपंचमी पर हुरियारों ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शहर सहित अंचलों में रंगपंचमी का त्यौहार बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। युवाओं की टोलियों ने जमकर धमाल किया। सुबह से ही शहर में युवाओं की टोलियों सक्रिय हो गई थी। युवाओं अपने साथी को ढूंढ-ढूंढ कर रंग से सराबोर करते हुए टीम में मिला कर खूब मस्ती के साथ रंग गुलाल लगाते हुए होली मनाने में लगे हुए रहे। सुबह से लेकर शाम तक रंग और गुलाल का माहौल बना रहा।

बच्चों और युवाओं के साथ ही महिलाओं के समूह ने अपने परिचितों को रंग गुलाल लगाया। सबसे ज्यादा युवाओं ने मस्ती की। युवाओं ने रंग लगाने के बाद पार्टियां उड़ाई। इस बीच कुछ युवाओं खेतों में बने कृषि फार्मों व धार्मिक स्थानों पर पहुचकर दाल बाटी की पार्टियां मनाने में मगन रहे। कई लोगों ने सुबह से ही प्लान बना कर खेत में गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम बना लिया था। अपने साथियों को बुलाकर खेत में ही सहभोज के आयोजन किए।

इस पंचमी के साथ ही अब होली का त्यौहार समाप्त हो जाता है। पंचमी तक होली का त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ग्राम पंचायत मुगलसराय में रंग पंचमी के अवसर पर ग्रामीणो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। तो वही मुगलसराय सहित आसपास के ग्रामीण भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पालीवाल के पेट्रोल पंप पर एकत्रित हुए जहां श्री पालीवाल ने समस्त ग्रामीणो को तिलक व गुलाल लगाकर स्वागत किया।



वहीं युवाओं की टोलिया व नन्हे मुन्हें बच्चे होली के गीतो पर नाचते गाते नजर आए। इसी के साथ नगर के छत्री नाका चौराहा पर स्थित संजीवनी अस्पताल में रंग पंचमी का त्यौहार हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल के संचालक डॉ संजीव माथुर ने समस्त स्टॉफ को गुलाल लगाकर होली व रंग पंचमी की बधाई दी। साथ ही समस्त स्टॉफ ने जमकर होली खेली। नगर में रंग पंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के कस्टम पथ से 10 बजे डीजे सहित ढोल ढमाको के बीच शुरू हुआ जो कस्टम पथ से होते हुये कठाली बाजार पहुचा जहां जुलूस मे उपस्थित नागरिको द्वारा जमकर होली खेली गई।

### मां जानकी के मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर किए दर्शन

# मैया जानकी के दरबार में आस्था के बीच राई पर झूमीं नृत्यांगनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रंगपंचमी पर करीला धाम में लगने वाले प्रदेश के सबसे बड़े मेले में बुधवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनसैलाब भी ऐसा कि करीला पहुंचने के लिए मंगलवार शाम छह बजे से नेशनल हाइवे पर शुरू हुई वाहनों की कतार मंगलवार-बुधवार की आधी रात तक जारी रही। वहीं पहुंच मार्गों पर तीन से चार किमी दूर तक पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने से हजारों श्रद्धालुओं को पहाडियों और झाडियों के ऊपर से निकलकर करीला पहुंचना पड़ा। करीला पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां जानकी के दर्शन किए और मन्नत पूरी होने पर हजारों की संख्या में राई नृत्य भी कराए।

लाखों श्रद्धालुओं ने किए माता जानकी के दर्शन - करीला के मुख्य मंदिर में मॉ जानकी के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि व लव-कुश की प्राचीन प्रतिमायें स्थापित है। रंगपंचमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का करीला धाम आना प्रारंभ हो गया था। रंग पंचमी के दिन व रात में लाखों श्रद्धालुओं ने मॉ जानकी के मंदिर में शीश नवाया तथा दर्शन लाभ लिए। मॉ जानकी के दरबार में आकर लाखों श्रद्धालुओं ने माता जानकी मैया के जय कारों के साथ रैलिंग में कतारबद्ध होकर दर्शन किए तथा मन्नतें मॉगी। मन्नतें प्राप्त हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के बाहर राई एवं बधाई नृत्य करवाया। रंग बिरंगी लाइटों से सुसज्जित मंदिर परिसर रोशनी से सराबोर रहा।



नृत्यांगनाओं ने किया राई एवं बधाई नृत्य - करीला धाम में मान्यता है कि जिसके सन्तान न हो वह यहां आकर मन्नतें मांगे तो उसकी मुराद मॉ जानकी पूरी करती हैं। मुराद पूरी होने पर श्रद्धालु यहां आकर अपनी श्रद्धानुसार राई नृत्य करवाते है। क्षेत्र में यह लोकोक्ति प्रचलित है कि लव व कुश के जन्म के बाद मॉ जानकी के अनुरोध पर महर्षि वाल्मीकि ने उनका जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया था। जिसमें स्वर्ग से उतर कर अप्सरायें आई थी तथा उन्होने यहॉ नृत्य किया था। वही जन्मोत्सव आज भी रंग पंचमी के अवसर पर यहॉ मनाया जाता है। उसी उत्सव में हर वर्ष सैकडों नृत्यांगनायें यहॉ राई नृत्य प्रस्तुत करती है।

### सिरोंज के ऐतिहासिक दरवाजों का पुस्तको में भी है जिक्रः अजमल शेर खान

## नगर के प्राचीन दरवाजों के जीर्णोद्धार एवं आर्दश शिक्षक स्व चन्द्र मोहन शर्मा की प्रतिमा स्थापित कराए जाने को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद अजमल शेर खान ने नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू के माध्यम से विधायक उमाकांत शर्मा के नाम एक ज्ञापन दिया। जिसमें नगर के प्राचीन दरवाजों के जीर्णोद्वार की बात कही।

इसके साथ ही नगर के बासोदा नाके पर स्व चन्द्र मोहन शर्मा की प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सिरोंज के इतिहास पर लिखित पुस्तक आसारे मालवा जो कि सैयद मुर्तुजा हुसैन साहब द्वारा लिखित पुस्तक है उसमें इन दरवाजों के बारे में विस्तार से लिखा गया है, कुछ समय पहले तक कई दरवाजें के निशान बाकी थे।

इसके अतिरिक्त और भी दरवाजे ऐसे हैं जो कि सिरोंज की पहचान है, जिनका जीर्णोद्वार कराया जाना अति आवश्यक है जिससे सिरोंज की ऐतेहासिक धरोहर बची रहेगी। भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने कहा कि सिरोंज के इतिहास से संबंधित पुस्तक आसारे मालवा में जिन दरवाजों का जिक्र है जो सिरोंज में स्थित थे।



यह मडई दरवाजा, देहली दरवाजा, इतवारा दरवाजा, काजीघाट दरवाजा, अलफ दरवाजा, हमामी दरवाजा, भेलसा दरवाजा, गल्ला मण्डी दरवाजा, बगरोदा दरवाजा और कुछ दरवाजे ऐसे हैं वह भी है जो कि नगर की पहचान है यह या तो बाद में वजूद में आये या कुछ अभी भी मौजूद हैं। इनमें कोर्ट गेट दरवाजा और बासोदा नाका दरवाजा का भी जीर्णोद्वारा कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होने कहा कि क्षेत्र के लाडले नेता पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा पुरातत्व विभाग के माध्यम से कई प्राचीन इमारतों के जीर्णोद्वार कराए। जिनमें मोला अली की टेकरी और बाबा फखरूद्दीन साहब की टेकरी प्रमुख है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता एडवोकेट सुनील कुमार आदिवासी की हरिभूमि से विशेष चर्चा

## 22 अगस्त 2023 को ही मैंने चेताया था, आखिरकार आज वही सच्चाई बनी, आदिवासियों का फर्जी एनकाउंटर जारीः सुनील कुमार आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता सुनील कुमार आदिवासी ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि 22 अगस्त 2023 से आज डेढ़ वर्ष ही बीता है और जो आशंका मैंने जाहिर की थी, वह पूरी तरह सच साबित हो गई। भाजपा सरकार और उसकी पुलिस मशीनरी ने एक बार फिर आदिवासी समाज के खिलाफ हिंसक साजिश को अंजाम दिया है। मध्यप्रदेश के मंडला जिले के कान्हा क्षेत्र में बैगा आदिवासी हिरन बैगा को नक्सली बताकर फर्जी एनकाउंटर में मौत के घाट उतार दिया गया। जब पूरा देश होली के रंग में भाईचारे का संदेश दे रहा था, तब मंडला पुलिस निर्दोष आदिवासियों के खून से अपनी सत्ता की रक्षा कर रही थी। पांच छोटे-छोटे बच्चे,एक विधवा, बूढ़े माता-पिता बिलखते रह गए। लेकिन भाजपा सरकार का संवेदनहीन तंत्र अपनी क्रूरता से बाज नहीं आया।

जब भाजपा सरकार महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर महिमामंडन करती है, तो क्या वह आज इस आदिवासी नरसंहार पर चुप रहेंगी। क्या उनका दायित्व केवल प्रतीकात्मक बना रहेगा, या वह आदिवासी समाज के हक के लिए सरकार से जवाब मांगेंगी। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने एक नया तरीका अपनाया है।



### अब चुप रहने का समय नहीं, बल्कि संघर्ष ही एकमात्र रास्ता

सुनील कुमार आदिवासी ने कहा कि आदिवासी समाज को अब समझना होगा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के अस्तित्व पर हमला है। यदि आज हमने आवाज़ नहीं उठाई, तो कल हर आदिवासी इस सरकारी आतंक का शिकार होगा। हमें न्याय, सम्मान और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष करना होगा। राष्ट्रीय आदिवासी जनक्रांति संघ के प्रमुख ने कहा ह्लफर्जी एनकाउंटर के नाम पर आदिवासियों को मारा जा रहा है। भाजपा सरकार जानबूझकर हमारी जमीन,जंगल,जल की लड़ाई को नक्सलवाद से जोड़ रही है, ताकि आदिवासी समाज को खत्म किया जा सके। अब हमें हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। मंडला एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो।

### खबर संक्षेप

#### मनीष सिंघई के निधन पर शोक व्यक्त किया

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी खुरई के वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता, मनीष सिंघई पहलवान के असामयिक एवं दुःखद निधन पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि मनीष सिंघई के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल दें।



#### युवा संगम मेगा जॉब फेयर 24 को लगेगा

**सागर।** युवाओ को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वृहद युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 24 मार्च को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग जिला सागर में प्रांत 11 बजे से किया जाएगा। आयोजित वृहद युवा संगम कार्यक्रम में मेगा जॉब फेयर (रोजगार मेला) तथा अप्रेंटिसशिप मेला के माध्यम से देश व प्रदेश से आये निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का चयन साक्षात्कार लेकर किया जावेगा।

#### योगेंद्र महाराज के मुखारबिंद से होगी श्रीमद् भागवत कथा

**सागर।** 21 से 28 मार्च तक तिलकगंज स्थित होटल रामसरोज पैलेस में कथा व्यास आचार्य गोस्वामी श्री हित योगेंद्र वल्लभ जी महाराज 'युगल' श्रृंगार सेवा अधिकारी राधावल्लभ मंदिर वृंदावन के श्री मुख से सागर जिले वासियों को सुनाई जावेगी। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सागर संभाग के अध्यक्ष अखिलेश मोनी केसरवानी ने बताया कि आचार्य हित योगेंद्र वल्लभ महाराज के श्री मुख से सागर जिले वासियों के लिए कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा यह बड़े ही हर्ष का विषय है।

## गढ़ाकोटा में 23वां पुण्य विवाह समारोह 1 मई को, यहां की शादियां हैं गिनीज बुक में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज एक ही विधानसभा में सर्वाधिक 25 हजार से अधिक कन्याओं के कन्यादान लेने का रिकॉर्ड दर्ज रहली विधानसभा का है। रहली क्षेत्र का यह समारोह देश और विदेश में अपनी पहचान बना चुका है। कन्यादान समारोह की एक खास और अलग पहचान भी है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत बुंदेलखंड स्तरीय 23 वां पुण्य विवाह समारोह 1 मई को गढ़ाकोटा मे आयोजित किया जा रहा है। आयोजक पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव हैं।

निज सचिव डॉ. केके खरे ने बताया कि 15 मार्च से पंजीयन टॉकीज कार्यालय में हो रहे है । प्रत्येक वैवाहिक जोड़े को 49 हजार रुपए की राशि एवं उपहार सामग्री आयोजक पं गोपाल भार्गव के द्वारा अपनी ओर से भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी । निकाह एवं विवाह एक साथ संपन्न होंगे एवं समारोह में पधारे सभी अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था रहेगी। 18 मार्च तक 4 दिन में लगभग 205 पंजीयन हुए। पंजीयन करवाने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना है



जिसमें मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र,वर एवं वधू की समग्र परिवार आई.ड़ी की छायाप्रति, वर एवं वधू की समग्र सदस्य आईड़ी की अनिवार्य है। वर एवं वधू के आधार कार्ड की छायाप्रति, वर एवं वधू के आयु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, वर एवं वधू के पासपोर्ट साईज के चार-चार फोटोग्राफ, वधु की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। वर की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होना अनिवार्य है।

कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यागता/तलाक सुदा महिला/पुरुष होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक होने का न्यायालयीन आदेश अनिवार्य रूप से संलग्न करें। वर/वधु यदि दिव्यांग है तो दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड अनवार्य रूप से संलग्न करें। पंजीकृत श्रमिक परिवार होने की स्थिति में मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मण्डल कार्ड की छायाप्रति, वधू के बैंक खाता की छायाप्रति, (जिसमें वधू का नाम पिता का नाम, खाता नम्बर एवं कोड स्पष्ट दिखाई दें।), वधू के बैंक खाते की लिमिट 50 हजार से कम नही होना चाहिए। बैंक खाता बंद अथवा होल्ड लगा हुआ नही होना चाहिए। (चालू स्थिति में हो) ,फार्म पूरा भरा होना अनिवार्य है। (फार्म में वर-वधू की समग्र सदस्य आई.ड़ी.स्पष्ट दर्ज हो),वर पक्ष एवं वधू पक्ष दोनो के मोबाईल नम्बर आवेदन में दर्ज करना अनिवार्य है।

## महापौर, निगमायुक्त ने नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं एम.आई.सी. सदस्यों ने संगीत महाविद्यालय के पास स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये जा रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर एवं एम.आई.सी.सदस्यों ने निगमायुक्त को बताया कि नाले का ढलान न होने से वृन्दावन वार्ड की विभिन्न नालियों का पानी यहॉ से निकल नहीं पायेगा और बारिष के दौरान तालाब से पानी वापिस होगा जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। निगमायुक्त ने स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये कि वार्ड पार्षद के साथ निरीक्षण कर समस्या का निराकरण करें। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य पं. विनोद तिवारी, अनूप उर्मिल, धर्मेन्द्र खटीक, रूपेश यादव, रेखा नरेश यादव, राजकुमार पटैल सहित स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



#### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित

**गढाकोटा।** विगत दिनों मध्य प्रदेश पुलिस की पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम चयन परिणाम जारी हुआ, जिसमें सागर जिले से बहुत से प्रतिभागियों का चयन हुआ । वहीं जिले के गढ़ाकोटा एवं आसपास के गांव से भी बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली युवक युवतियों का मध्य प्रदेश पुलिस में चयन होना खुशी की लहर है । इस अवसर पर नगर पालिका गढ़ाकोटा के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा एक नवाचार करते हुए नगर की इस प्रकार चयनित प्रतिभाओं का सम्मान उनके घर पहुंच कर किया गया। नगर पालिका प्रतिनिधि के इस नवाचार कार्य की प्रशंसा नगर में की जा रही है। जैसा कि सभी को ज्ञात है नवनिर्वाचित गढ़ाकोटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लगातार अपने कार्यो और नवाचार से एक अलग पहचान बनाए जा रहे हैं और यह कार्य उनका लगातार चलता रहता है। सभी नगर वासियों के सुख दुख में शामिल होना उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानना, अपनापन एवं प्रेम व्यवहार प्रदर्शन करना यह उनकी एक चिर परिचित पहचान बन गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से फोटो शेयर करते हुए यह जानकारी लिखी है कि सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ाकोटा की पूर्व छात्रा दीनदयाल पटेल आचार्य की बिटिया उपासना पटेल, दुलीचन्द्र पटेल के होनहार प्रतिभावान पुत्र कमलेश पटेल एवं आशीष पिता मुकेश मकरेसिया गुंजौरा का मध्यप्रदेश पुलिस में चयन होने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं।



### विभाजन के समय से प्रज्ज्वलित है अखंड ज्योति, कार्यकर्ता तैनात

## झूलेलाल जयंती महापर्व 30 को मनेगा चेट्रीचंद्र, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

चैत्र शुक्ल द्वितीया से सिंधी नववर्ष का आरंभ होता है। इसे चेट्रीचंद्र के नाम से जाना जाता है। चैत्र मास को सिंधी में चेट कहा जाता है और चांद को चण्डु। इसलिए चेट्रीचंद्र का अर्थ हुआ चैत्र का चांद। चेट्रीचंद्र सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी के अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजेश मनवानी ने बताया की इस दिन से कई सिंधी व्यवसायी अपने बही-खाते शुरू करते हैं। झूलेलाल जी को जल के देवता वरूण का अवतार मानते हुए उन्हें दरिया (नदी/जल) का शाह (राजा) भी कहा जाता है। झूलेलाल की जयंती का यह पर्व 30 मार्च, रविवार को है।

सागर में सिंधी समाज संत कंवरराम वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में इसे धूमधाम से मनाने की तैयारी जारी है। जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी ने बताया की भगवान श्री झूलेलाल जी का 25 मार्च को अभिषेक सुबह 8-30 बजे झूलेलाल मंदिर में करेंगे। 26 मार्च को मनोकामना पूर्ण श्री बहराणा साहब 108 शोभायात्रा सागर में पहली बार शाम 5.30 बजे निकलेंगे और समाज के लोग दर्शन कर मुराद पूरी करेंगे। 28 मार्च महिला वाहन रैली सुबह 8 बजे रैली निकलेगी जो पूरे सिंधी कॉलोनी में घूमेगी, जिसमे महिलाएं व युवतियां सफेद ड्रेस और नारंगी चुन्नी और सफेद केप के साथ रहेंगी।



30 मार्च प्रभात फेरी सुबह 5.30 बजे श्री झूलेलाल मन्दिर से पूरे वार्ड का भ्रमण कर झूलेलाल मंदिर पहुंचेगी, महिला वाहन रैली के गिफ्ट दिये जायेगे, इसी दिन झूलेलाल अवतरण दिवस रविवार को झूलेलाल मंदिर में रात्री 8 बजे महाआरती, पल्लव और केक काटकर उत्सव मनायेगे व प्रसादी अल्पाहार। इस मौके पर सिंधी पंचायत अध्यक्ष भीष्म राजपूत, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, लीला आहूजा, कविता लहरवानी, रैना बॉस गोकलानी, वीनू आहूजा सोनू जेसवानी, अजय पंजवानी आदि सहयोग करेंगे ।

सिंधु संस्कार समिति संस्थापक राजेश मनवानी ने बताया कि झूलेलाल मंदिर पर प्रज्वलित अखंड ज्योति भारत विभाजन के बाद सिंधी समाज वरिष्ठजनो बुजुर्गो द्वारा सिंध पाकिस्तान स्थित ज्योति से प्रज्वलित कर लाई गई थी। जो उसी अवस्था में प्रज्ज्वलित है। अखण्ड ज्योति का शुद्ध घी व सरसों के तेल व बाती का विशेष ध्यान मंदिर के कार्यकर्ताओं को रखना पड़ता है, जिससे ज्योति कभी बुझे नहीं। भगवान झूलेलाल की पूजा जल व ज्योति के रूप में किए जाने का महत्व है। मान्यता है कि ज्योति के समक्ष झोली फैलाकर पल्लव पाकर श्रद्धा भाव से जो भी मन्नत की जाती वह अवश्य पूरी होती है। अतः सिंधी समाज शुभ भावना से भगवान झूलेलाल की जल व ज्योति के रूप में पूजा करता है।

#### नपा अध्यक्ष संगीता तिवारी ने होली पर लगाया टीका



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में होली एवं भाईदूज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी ने मुख्य बस स्टैंड गढ़ाकोटा के आसपास व्यापार कर रहे सभी दुकानदार भाईयों, यात्रियों एवं आत्मीयजनों को भाईदूज का टीका लगाया और मिठाई बांटकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि रंगोत्सव का यह पर्व आप सभी के लिए सुख, समृद्धि एवं वैभव लेकर आए। मनोज तिवारी ने भी सभी लोगों को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक 131/अपील/2024-25**

शारदाबाई बेवा राघवेंद्र साहू निवासी - शमशाबाद कृ. नसरतगढ़ ..........अपीलांट

बनाम

महेंद्र पुत्र गोरेलाल, फूलोबाई पुत्री भमरलाल, मोहरबाई पुत्री भमरलाल, ममताबाई, सीमाबाई पुत्रियां गोरेलाल, मनीषा बेवा मनोज, शिवकुमार नाबा. पुत्र मनोज, निवासी- शमशाबाद ...........उत्तरवादीगण

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट शारदाबाई बेवा राघवेंद्र साहू निवासी नसरतगढ़ के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 065/अ-27/2024-25 आदेश दिनांक 01.08.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 25.03.2025 नियत है।

अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक 162/ अपील/2024-25**

मिथलेश पत्नि स्वर्गीय रामसेवक, हर्षा पुत्री रामसेवक, आदित्य पुत्र रामसेवक निवासी - शमशाबाद ................ अपीलांट

बनाम

रतनबाई बेवा रामनारायण शर्मा, सुदामा, शिवशंकर, कृष्णगोपाल, विनोद, भुवनेश्वरी, राधाबाई, किरण बाई, निर्मला देवी पुत्र-पुत्रियां रामनारायण निवासी- शमशाबाद ......... उत्तरवादीगण

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट मिथलेश पत्नि स्वर्गीय रामसेवक आदि निवासी शमशाबाद के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 951/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 22.11.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 25.03.2025 नियत है।

अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13.03.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद**

खबर संक्षेप

## खुशियों से भरा रहा रंग पंचमी का त्यौहार



**सांची।** रंग पंचमी के पर्व पर लोगों ने खूब रंग गुलाल उड़ाया और खुशियां बांटी शहर में जगह-जगह डीजे ढोल नगाड़े बजाते हुए नजर आए। वहीं आज रंगपंचमी पर नगर परिषद अध्यक्ष और सभी पार्षदों तथा कर्मचारियों ने होली मिलन समारोह मनाया। एक दूसरे को गुलाल का तलाक लगाकर खुशियां बांटी वही सांची थाना प्रभारी नितिन अहिरवार ने भी नगर परिषद में आकर सबके साथ होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत एक गंभीर



**सांची।** ग्राम पगनेश्वर मोरी के बीच में रात के 9 बजे के आसपास रोड पर एक अज्ञात वाहन ने एक पैदल चलते व्यक्ति को टक्कर मारी दी जिससे व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। मृतक का नाम प्रकाश पिता स्वर्गीय नारायण सिंह मेहरा उम्र लगभग 45 साल जो कि गोल्डन सिटी रायसेन का निवासी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं दूसरी घटना ढकना चपना के मैथिली ढाबा के सामने एक पल्सर बाइक एमपी 04 जेडजी 5080 सवार ने हेमलता केवट निवासी नर्मदापुरम के पैर पर बाइक चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई उसको सांची अस्पताल से विदिशा रैफर किया।

## होली मिलन कार्यक्रम में बरसा अबीर व गुलाल



**सिलवानी।** रंग पंचमी के साथ ही पांच दिनी प्रेम, स्नेह, सद्भाव व रंग गुलाल के पर्व होली का समापन हो गया। रंग पंचमी के अवसर पर आरएसएस के द्वारा नगर के नायक गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया । संगठन की नगर इकाई के द्वारा आयोजित कए गए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सेवक पहुचें। यहां पर मुख्य अतिथि के रुप में सुरेंद्र सिंह रघुवंशी तथा अमरीश दीक्षित विशेष रुप से मौजूद रहें। उन्होने पंच कर्म सिद्वांत की विस्तार से व्याख्या की गई। होली मिलन समारोह में जमकर गुलाल, अबीर उड़ा। यहा पर उपस्थितो के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर पर्व की शुभकामना प्रेषित दी। कार्यक्रम का संचालन आरएसएस के सक्रिय कार्यकर्ता आलोक रघुवंशी के द्वारा किया गया।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाई रंगपंचमी, निकला जुलूस

**दीवानगंज।** आपसी सौहार्द व उमंग का पर्व रंग पंचमी ग्रामीण इलाकों में बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रंग पंचमी का त्योहार पर लोग उल्लास व उमंग में सराबोर होते रहे। रंग पंचमी के दिन दोपहर तक लोग गीले रंगों से होली खेले और शाम होने पर गुलाल से आनंद लिया। लोग एक-दूसरे के आवास पर पहुंच कर गुलाल और गले लगाकर बधाई देते रहे। दीवानगंज सहित आसपास के गांव अंबाडी, सेमरा, नरखेडा, नीनोद, जमुनिया, मुस्काबाद, मुड़ियाखेड़ा, सत्ती, बांसिया, काली टोर, पिपरई, बरजोरपुर, सरार, बालमपुर, देहरी, मुनारा, कायम पुर संग्रामपुर, भील टोला सहित आसपास के गांवों में रंग व गुलाल के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते दिखे। रंग पंचमी नगर सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पूरे उत्साह व शांति के साथ मनाई गई। बच्चों ने तो सुबह से ही एक दूसरे को रंग लगाना प्रारंभ कर दिया था। युवाओं की टोलियां सुबह से ही रंग-बिरंगी टोपियों को पहन कर एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते रहे। सभी गांव में ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला जिसमें ग्रामीण सम्मिलित होकर नाचते नजर आए।

### हिउस के तत्वाधान में महामाया चौक पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम, राई नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

# रंग-पंचमी पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल हास्य-व्यंग्य और कविताओं ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के महामाया चौक पर श्री हिंदू उत्सव समिति ने रंग पंचमी पर कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, पारंपरिक गीत और कविताओं की प्रस्तुतियां हुईं। किन्नर समाज का राई नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। हिउस अध्यक्ष अनिल चौरसिया और कार्यकारी अध्यक्ष रवि खत्री की उपस्थिति में ये आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी पूर्व अध्यक्षों ने भी भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

- जकार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, पारंपरिक गीत और कविताओं की प्रस्तुतियां हुईं

पत्रकार हरीश मिश्रा और राजकिशोर सोनी ने अपनी कविताओं और रचनाओं से कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। इस आयोजन में संघर्ष शर्मा, भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी, शैलेंद्र शर्मा, पार्षद कैलाश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समिति के सदस्य शामिल हुए। पंचमी का यह कार्यक्रम सांस्कृतिक और रंगों से सराबोर रहा।

## श्री कृष्ण गौशाला में दो क्विंटल फूलों से खेली होली

**रायसेन।** रंगपंचमी पर शहर के नरापुरा में स्थित श्रीकृष्ण गौशाला के राधा कृष्ण मंदिर में बृज की होली जैसा नजारा देखने को मिला। मंदिर में दो क्विंटल फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई। भगवान पर फूल और गुलाल अर्पित किए। इसके बाद आरती की गई और प्रसाद का वितरण किया। भजन मंडलियों ने धार्मिक और होली के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य



किया। लोग एक-दूसरे पर फूल बरसाते और गुलाल लगाते नजर आए। छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर होली के रंग में हिस्सा लिया।

### हर साल रंगपंचमी पर होता है आयोजन

विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित इस गौशाला में हर साल रंगपंचमी पर यह आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विभाग मंत्री दौलत लॉन्गबनी, जिलाध्यक्ष नरेश बालियान, जिला मंत्री बद्री पाराशर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

## सोनी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न खेली फूलों की होली



**रायसेन।** बुधवार को सर्व स्वर्णकार सोनी समाज का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज बंधुओं ने गुलाब के फूलों की बारिश के साथ गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। स्वर्ण कला बोर्ड के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दुर्गेश सोनी मुख्य मेहमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अजमीढ देव जी महाराज की पूजा-अर्चना से हुई।

दुर्गेश सोनी ने बताया कि समाज के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका फॉर्मेट तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा कि शासन से जल्द ही इसकी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण के लिए मानदेय का भी प्रस्ताव रखा गया है। समाज के अध्यक्ष राज किशोर सोनी ने नई पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज के लिए भूमि और भवन निर्माण की योजना है। इसमें अजमीढ देव जी का मंदिर भी बनाया जाएगा।

ये रहे मौजूद-

कार्यक्रम में बोर्ड सदस्य अजय सोनी भोपाल और स्वर्णकार महापंचायत के धीरज सोनी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही मिथिलेश सोनी, गरीबदास सोनी, सुखलाल सोनी, अशोक सोनी, मुन्ना सोनी, डालचंद सोनी, संतोष सोनी, नीलेश सोनी, संजू सोनी और अमित सोनी सहित अनेक समाज बंधु भी मौजूद रहे।

## गीदगढ़ गुफा मंदिर पर दिनभर चलते रहे भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गीदगढ़ के प्राचीन गीदगड़ गुफा मंदिर पर रंगपंचमी के पूरे दिन भजन कीर्तन और भंडारा चलता रहा। जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंचे।

गुफा मंदिर पर कई वर्षों पुराना प्राचीन मंदिर है जहां पर राम सीता ,लक्ष्मण और हनुमान जी की मूर्ति विराजमान है। बता दें कि यहां वही



गुफा है जहां पर पूरे साल एक छोटे से कुंड में पूरे साल पानी भरा रहता है इस कुंड में पानी कहां से आता है इसका पता आज तक किसी को नहीं है यहां कुंड पहाड़ के नजदीक बना हुआ है इस कुंड में पहाड़ के नीचे से पानी बहता हुआ आता है इस कुंड से जितना पानी लेते हैं उतना फिर भर जाता है कुंड में कई पानी कम नहीं होता।

इस गीदगड़ गुफा मंदिर पर शिव पार्वती जी और हनुमान जी की मूर्ति विराजमान है इस प्राचीन गुफा से आसपास के क्षेत्रों को लोगों को काफी लगाव है हर साल रंग पंचमी के दिन इस प्राचीन गुफा पर भजन-कीर्तन चलते रहते हैं।

## विभिन्न मार्गों पर चलने वाली बसें पंचमी पर गई करीला मेला, बस स्टैंड सूना, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

विभिन्न मार्गो पर चलने वाली यात्री बसे रंगपंचमी पर करीला मेला जाने से भोपाल-जबलपुर के बीच दिन भर व्यस्त बना रहने वाला बस स्टेण्ड सुनसान बना रहा। अनुमान के अनुसार दर्जनों यात्री बसो के साथ सेकडो वाहन करीला मेला जाने से दिन भर विभिन्न स्थानों की यात्रा करने वाले यात्री हैरान परेशान बने रहे।

पिछले एक दशक में क्षेत्र के नगरो गांवो से करीला मेला जाने वालो की संख्या बढ़ती जा रही है। करीला मेला जाने के लिए यात्री बसो के साथ लोग जरूरी सामान के साथ निजी वाहनों से भी भारी संख्या में जाते है। करीला मेला में माता जानकी एवं लव कुश मंदिर में मनोकामनाए पूर्ण होने या लोग अपनी मनौती पूर्ण होने के लिए रंग पंचमी पर भारी संख्या में करीला मेला जाते है। मनौती पूर्ण होने पर पुनः करीला जाते है।

**राई नृत्य का मुख्य आकर्षण :-** बुंदेलखंड का हिस्सा रहने वाले नर्मदा क्षेत्र में पहले गांवो मे राई नृत्य फाग के लोकगीत होने और रंगोत्सव अनेक दिनों तक मनाने की परंपरा रही। अब राई नृत्य होना बंद हो जाने से होली के उत्सव में लोग करीला मेला पहुंच कर राई नृत्य का आनंद उठाने अधिक उत्साहित बने रहते है।

## जहरीली शराब बनाते हुए निगरानी शुदा बदमाश गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले में नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रायसेन एसपी पंकज पांडे के दिशा निर्देशन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सलामतपुर पुलिस को सूचना मिली की कोई व्यक्ति सलामतपुर की सिंचाई विभाग कालोनी के खंडहर में हाथ भट्टी से बनी हुई जहरीली शराब बेच रहा है।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने टीम बनाई जिसमें एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जितेंद्र वर्मा, गणेश रघुवंशी, हेत सिंह मीणा, आरक्षक रोहित गोस्वामी और सौरभ रघुवंशी को शामिल कर मौके पर दबिश दी। पुलिस टीम जैसे ही सिंचाई विभाग कालोनी पहुंची तो आरोपी रंजीत जोशी उर्फ चिट्टा पिता मुन्नालाल जोशी निवासी शुक्ला कालोनी राजीवनगर को पांच लीटर हाथ भट्टी से बनी हुई ज़हरीली शराब के गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सिंचाई विभाग कालोनी के खंडहर आवास में अपना ठिकाना बनाए हुए था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली।

आरोपी रंजीत जोशी उर्फ चिट्टा के विरुद्ध धारा 49ए आबकारी अधिनियम की कार्रवाई कर रायसेन न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजने के आदेश न्यायालय द्वारा दिए हैं।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा का भी निरीक्षण कर जांच की जा रही है।

### आरोपी पर थाने में दर्ज हैं 1 दर्जन से अधिक अपराध



*आरोपी रंजीत जोशी उर्फ चिट्टा आदतन अपराधी है। वह लूट और चोरी की वारदातें करने में माहिर है। उसके विरुद्ध थाने में लगभग बारह से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा दूसरे शहरों में भी रंजीत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह सलामतपुर थाने का निगरानी शुदा बदमाश भी है। रंजीत ने बहुत कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। इस मामले के पूर्व भी वह जेल जा चुका है। स्थानीय रहवासियों ने ऐसे अपराधी पर जिला बदर करने की कार्रवाई की मांग जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और रायसेन एसपी पंकज पाण्डे से की है।*

### प्रति मंगलवार को सीताराम संकीर्तन में उमड़ता है आस्था का सैलाब

## सोजनी धाम बना श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध धर्म स्थल सोजनीधाम श्रद्धालुओं के आस्था व श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। यहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त पवनसुत हनुमान की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है। इसके अतिरिक्त श्रीराम दरबार, मॉ काली, भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा भी विराजित है। सोजनीनधाम जिसकी ख्याति जिले ही नहीं प्रदेश भर हैं। यहां पर प्रति मंगलवार को सैंकड़ो की संख्या में श्रद्वालु पहुंच कर अरदास करते है। श्रद्धालु विभिन्न तरीके से बजरंगवली की आराधना करते है। श्रद्धालु सरें भरते हुए तो कोई पदयात्रा तो कोई दण्डवत होकर सोजनीधाम तक पहुंचते हैं।

दूर दूर से प्रति मंगलवार सोजनीधाम पहुचने वाले श्रद्वालु मंदिर परिसर में ही दाल बाटी बनाते हैं। भगवान के चरणो में भोग अर्पित करते है। इसके बाद ही वह अपने लिए भोजन ग्रहण करते है। मंदिर परिसर में ही पीने के पानी की सुव्यवस्थित व्यवस्था है। श्रद्वालु ही नही बल्कि जन्म दिन, विवाह वर्षगांठ आदि अवसरो पर भी श्रद्वालु पहुंच कर पूजन, हवन आदि अनुष्ठान पूर्ण कराते है।



### होता है सीताराम संकीर्तन :-

आस्था, निष्ठा व श्रद्धा का केंद्र बन चुके सोजनीधाम में प्रति मंगलवार को सीताराम संकीर्तन आयोजित किया जाता है। यहां पर बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालु भाव विभोर होकर सीताराम जप करते हैं। हारमोनियम, ढोल मंजीरो की थाप पर आयोजित किए जाने वाले सीताराम संकीर्तन पाठ में सहभागिता करने वाले श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अनुसार प्रसादी में सामग्री का वितरण करते है।

### होती है मन्नत पूरी

सोजनीधाम से जुड़े श्रद्धालु बताते है कि यहां पर हनुमानजी की आकर्षक मूर्ति विराजित है। यहां पर श्रद्धालु पूर्णतः भक्ति भाव के साथ आते है। मान्यता है कि बजरंग बली के दर से कोई भी खाली हाथ वापिस नही जाता है। जो भी मांगा जाता है वह अवश्य ही मिलता हैं। यहीं कारण है कि प्रति मंगलवार को यहां पर मेले जैसा नजारा देखा जाता हैं।

### लगती हैं दुकानें

सोजनीधाम परिसर से लग कर ही प्रति मंगलवार को प्रसाद, मनिहारी सहित अन्य सामग्री की दुकाने भी लगती है। जहां पर से श्रद्धालु सामग्री का क्रय करते हैं। यही कारण है कि लोगों की आस्था का केंद्र बन चुके सोजनीधाम में लोगों को रोजगार भी मिल रहा हैं।

## रंग-गुलाल उड़ाते हुए निकला हुरियारों का जुलूस

### खूब उड़ा रंग-गुलाल, रामलीला मैदान में किया रंगों से सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

बुधवार को नगर के बडा बाजार से हिउस के तत्वाधान में रंग पंचमी का चल समारोह रंग, गुलाल की बौझार करते हुए नगर की प्रमुख सडक़ो पर घूमता रहा। जगह-जगह लोगो के साथ चल समारोह में सम्मिलित हिउस के पदाधिकारियों, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों द्वारा जम कर रंग गुलाल खेला गया। रामलीला मैदान में चल समारोह के समापन पर सभी के द्वारा डीजे की धुनों, फाग गीतों पर जमकर थिरकते हुए रंगो भरे पानी से सराबोर किया जाता रहा।

### गली मोहल्लों में खेला रंग

नगर में होली से अधिक रंग पंचमी मनाने खेलने की दशको पुरानी परंपरा है। डीजे बाजो के साथ रंगो में सराबोर लोगो के साथ चल समारोह ने नगर की प्रमुख सडक़ो गली मोहल्लों में रंग गुलाल खेला गया। चल समारोह में हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले अन्य सभी पदाधिकारियों के



साथ हिउस के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह खोजर, राधेश्याम पालीवाल, मनमोहन शर्मा, हीरेन्द्र मालवीय, नपं. के युवा अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, अन्य पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों संस्थाओं के पदाधिकारियों, व्यापारियों और पत्रकारों की उपस्थिति बनी रही। चल समारोह का रामलीला मैदान में समापन हुआ।

चल समारोह प्रारंभ होने से समापन तक टीआई कपिल गुप्ता, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, पुलिस बल चल समारोह के साथ चलता रहा। नगर एवं क्षेत्र में रंग पंचमी का त्योहार शांति सदभाव, आपसी मेल मिलाप के साथ सम्पन्न हुआ।

## फिर बदला मौसम, छाये घने बादल

### किसानों में बढ़ी चिंता गर्मी से मिली कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

होली और धुडेली पर गर्मी ने तीखे तेवर दिखाये तेज धूप और तपिश से क्षेत्र के निवासी परेशान रहे कि अचानक मौसम बदला और आसमान में बादलो का डेरा डल गया। बादल छाने से गर्मी और तेज धूप से कुछ राहत मिली तो उमस परेशानियों का कारण बन रही है।

चैत्र का महिना शुरू हो गया। होलिका दहन के बाद सूरज की किरणे आग बरसाना शुरू कर देती है। संपूर्ण क्षेत्र में तेजी से फसलें अपना रंग बदल रही है, और किसान फसलों की कटाई की तैयारी में जुट गए है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में आसमान में घने बादलो का छा जाना अचानक मौसम बदलना किसानों में भारी चिंता चर्चा का



विषय बन गया है। पकने और कटने को तैयार फसलों की स्थिति में यदि बारिश नहीं बूंदाबादी और तेज हवाए चलती है, तो फसलों को भारी नुकसान होगा। गेंहू की फसले खेतो में आडी होने से उनकी कटाई परेशानियों वाली होने के साथ दाना पतला पडने से उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। यही सोच - सोच कर क्षेत्र के हजारों किसान फसल घरो में आने से पूर्व प्राकृतिक आपदा की संभावना से भयभीत से नजर आ रहे है। आने वाले दिनों में बदले मौसम और छाये बादलों से क्या स्थिति बनती है। नजरें आसमान की ओर टिकी हुई है।